भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2383 #
गुरूवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गोल्फ पर्यटन की स्थिति

2383 # श्रीमती दर्शना सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में गोल्फ पर्यटन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) वर्तमान में कितने अंतरराष्ट्रीय मानकों के गोल्फ कोर्स संचालित हैं और वे किन-किन राज्यों में स्थित हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों में गोल्फ पर्यटन का लाभ उठाने वाले विदेशी और घरेलू पर्यटकों की संख्या कितनी है; और

(घ) गोल्फ पर्यटन को और बढ़ावा देने हेतु सरकार की भावी कार्ययोजना क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): गोल्फ पर्यटन सहित अन्य पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गोल्फ पर्यटन के संवर्धन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। मंत्रालय वित्तीय सहायता हेतु पात्र ऐसे गोल्फ क्लबों, गोल्फ इवेंट प्रबंधकों, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों, अनुमोदित टूर ऑपरेटरों/अनुमोदित ट्रैवल एजेंटों और कॉर्पोरेट संस्थानों से 'अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)' आमंत्रित करता है, जो गोल्फ प्रतियोगिताओं, गोल्फ शो, गोल्फ संबंधी प्रचार कार्यशालाओं/कार्यक्रमों/वार्षिक बैठकों/सेमिनारों के लिए पर्यटन मंत्रालय से वित्तीय सहायता की अपेक्षा करते हैं।

पर्यटन मंत्रालय के पास गोल्फ कोर्स की संख्या या गोल्फ पर्यटन का लाभ उठाने वाले विदेशी और घरेलू पर्यटकों की संख्या पर कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

गोल्फ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा स्वीकृत की गई विभिन्न परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

******

अनुबंध

श्रीमती दर्शना सिंह द्वारा गोल्फ पर्यटन की स्थिति के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2383 # के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

गोल्फ पर्यटन के क्षेत्र में किए गए पहल

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत स्वीकृत परियोजना की सूची:

लाख रु. में

क्र. सं.	परियोजना का नाम	राज्य	एजेंसी	स्वीकृति की तिथि	स्वीकृत राशि	जारी राशि
1.	भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन की परियोजना	केरल	एसएआई	31-03-2017	2464.99	1232.49

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजना की सूची:

करोड़ रु. में

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी/प्राधिकृत राशि
मिजोरम	उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16	थेनजॉल और दक्षिण ज़ोटे, जिला सेरछिप और रीक का विकास	92.26	92.26

इस परियोजना को मिजोरम के सेरछिप जिले के थेनजॉल और दक्षिण जोटे तथा रीक में 18 होल वाले गोल्फ कोर्स और सम्बद्ध अवसंरचना सहित थेनजॉल में विभिन्न घटकों के लिए स्वदेश दर्शन के उत्तर-पूर्वी परिपथ के तहत मंज़ूरी दी गई थी।

अन्य पहलें

कश्मीर में पर्यटन के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनियों, विचार-मंथन सत्रों और परिचायक यात्राओं के माध्यम से पर्यटन मंत्रालय द्वारा श्रीनगर में दिनांक 12-13 अप्रैल, 2021 को, जम्मू और कश्मीर की संघ राज्यक्षेत्र सरकार, फिक्की और इंडिया गोल्फ टूरिज्म एसोसिएशन के सहयोग से "कश्मीर की पर्यटन क्षमता का दोहन करना" नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें इसकी सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता, पाक कला व्यंजन और गोल्फ पर्यटन को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में मीडिया के प्रतिनिधियों, टूर ऑपरेटरों, सरकारी अधिकारियों और भारत में तैनात विदेशी राजदूतों सहित लगभग 200 लोगों ने हिस्सा लिया।

****